राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) ☎0141–2722520

क्रमांकःप.14(49)RSMSSB/अर्थना/वा.क.वि./कर.सहा./2017/1676 दिनांकः 5/2/2020

–:: विज्ञप्ति ::–

कर सहायक सीधी भर्ती–2018 में अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन, पात्रता जांच तथा जीवमितिक प्रमाणन एवं सत्यापन

(Biometric Authentication and Verification)

कर सहायक गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित क्षेत्र सीधी भर्ती– 2018 की प्रथम चरण की परीक्षा दिनांक 14.10.2018 को तथा द्वितीय चरण की परीक्षा दिनांक 16.10.2019 को आयोजित की गई थी, जिसके द्वितीय चरण का परिणाम दिनांक 18.11.2019 को जारी किया गया था। उक्त परीक्षा में रिक्त पदों के विरूद्ध वरीयता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों का 1.5 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन कराया गया था।

परन्तु उक्त भर्ती परीक्षा के परिणाम में गणनीय त्रुटि के कारण पूर्व में दिनाक 18.11.2019 को जारी परिणाम को संशोधित कर संशोधित परिणाम बोर्ड की वेबसाईट पर दिनांक 04.02.2020 को प्रकाशित किया गया है। उक्त संशोधित परिणाम में पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु जो अभ्यर्थी पूर्व में सफल अभ्यर्थियों के अतिरिक्त नवीन रूप से पात्र पाए गए हैं, जिनका दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता की जांच सह जीवमितीय प्रमाणन कराया जाना है। अतः उपरोक्तानुसार सूचीबद्ध समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 10.02.2020 को 11:00 AM को **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर** कार्यालय पर उपस्थित हों। उल्लेखनीय है कि यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर उपथित नहीं होता है तो उसे दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जाँच में अनुपस्थित माना जाएगा तथा उसके नाम पर कर सहायक के पद पर चयन हेतु विचार नहीं किया जाएगा। इसके लिए पुनः अवसर दिया जाना संभव नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव